2023/219

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — **बनाम** — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री रमेश कुमार पुत्र श्री पूनाराम घांची
निवासी टिम्बर मार्केट सुमेरपुर
तहसील सुमेरपुर
जिला पाली।

सरकार जरिये सहायक लोक सूचना अधिकारी
तहसीलदार शिवगंज

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005** — मुकदमा नं. 53 वर्ष 2023

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
12.10.2023	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार शिवगंज को दिनांक 01.08.2023, को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि ग्राम बडगांव पटवार क्षेत्र बडगांव भू.अ. शिवगंज के खसरा संख्या 990 पर हुए नामान्तरकरण संख्या 1209 दिनांक 13.11.1983 बहक अपीलांट के पिता श्री पुनाराम पुत्र श्री रूपा घांची के नामान्तरकरण आदेश सहित सम्पूण पत्रावली की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है। अपीलांट द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार शिवगंज को दिनांक 01.08.2023, को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि ग्राम बडगांव पटवार क्षेत्र बडगांव भू.अ. शिवगंज के खसरा संख्या 990 पर हुए नामान्तरकरण संख्या 1209 दिनांक 13.11.1983 बहक अपीलांट के पिता श्री पुनाराम पुत्र श्री रूपा घांची के नामान्तरकरण आदेश सहित सम्पूण पत्रावली की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार शिवगंज को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें। यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें। निर्णय सर–ए–इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (डॉ. भँवर-लाल) **जिला कलक्टर, सिरोही**	

Scanned with CamScanner